# जामसांवली धाम में नए साल पर उमड़ा जनसैलाब





## भव्य विक्रय केंद्र का हुआ शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**सौसर, 1 जनवरी .नववर्ष के प्रथम दिन, गुरुवार को सुप्रसिद्ध चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर संस्थान ( हनुमान लोक ), जामसांवली धाम में श्रद्धा और उत्साह का संगम देखने को मिला। साल के पहले दिन बजरंगबली का आशीर्वाद लेने के लिए सुबह से ही भक्तों का भारी सैलाब उमड़ पड़ा। इस विशेष अवसर पर संस्थान द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए एक भव्य विक्रय केंद्र का विधिवत शुभारंभ किया गया।**

### उचित मूल्य पर मिलेगी धार्मिक सामग्री

संस्थान द्वारा संचालित इस नए विक्रय केंद्र का मुख्य उद्देश्य भक्तों को उच्च गुणवत्ता वाली धार्मिक सामग्री उपलब्ध कराना है। अब श्रद्धालु मंदिर परिसर से ही भगवान की सुंदर प्रतिकृतियां (मूर्तियां), विशेष मेमेंटोज़, शुद्ध प्रसाद और अन्य पूजन सामग्री उचित एवं निर्धारित मूल्य पर प्राप्त कर सकेंगे। इससे दूर-दराज से आने वाले भक्तों को स्मृति चिह्न और प्रसाद के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।

## सादम सेवा का शुभारंभ,अब श्रद्धालुओं को मिलेगा सुलभ भोजन

प्रसिद्ध धार्मिक स्थल चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर संस्थान (हनुमान लोक), जाम सांवली धाम में नववर्ष के अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए एक बड़ी सौगात दी गई है। मंदिर समिति द्वारा आज 1 जनवरी 2026 से भक्तों की सुविधा हेतु दोपहर प्रसादम सेवा का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस सेवा का मुख्य उद्देश्य दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को मंदिर परिसर में ही सात्विक और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना है। अब श्रद्धालुओं को भोजन के लिए भटकना नहीं पड़ेगा, बल्कि वे बहुत ही अल्प मूल्य (न्यूनतम दर) पर उच्च गुणवत्ता वाला भोजन प्राप्त कर सकेंगे। मंदिर संस्थान के अनुसार, प्रसादम सेवा प्रतिदिन दोपहर 12:30 बजे से 2:30 बजे तक संचालित की जाएगी। संस्थान के अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने बताया कि हनुमान लोक में बढ़ती भीड़ और श्रद्धालुओं की जरूरतों को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। सेवा के पहले ही दिन बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसादम का लाभ लिया।



### इनकी की रही प्रमुख उपस्थिति

विक्रय केंद्र के शुभारंभ के गरिमामयी अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष गोपाल शर्मा, उपाध्यक्ष संतोष डवरे और सचिव टीकाराम कारोकर विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही ट्रस्टीगण वसंतराव शेलकी, वसंतराव येलमुले, मनोहर शेलकी, अजय धवले, रामराव डवरे, पंजाबराव येलमुले, महादेव मते, संजू डवरे, मोहन ताजने, भीमराव वाकोडे, दिलीप बत्रा, नीलेश जुननकर, सुशील माहेश्वरी, भास्कर गुढ़धे, विठ्ठल डवरे एवं सीईओ वीरेन्द्र भट्ट सहित संस्थान के समस्त अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## सांसद बंटी विवेक साहू ने 2 मरीजों को दिलाई 95 हजार की आर्थिक सहायता

**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से ईलाज कराने में असमर्थ लोगों को मदद दिलाने का सिलसिला लगातार जारी है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीज एवं उनके परिजन लगातार सांसद श्री साहू से संपर्क कर आर्थिक सहायता की अर्जी लगा रहे है। सांसद श्री साहू सभी आवेदनों पर गंभीरता से विचार कर उन्हें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सहयोग से स्वेच्छानुदान मद से सहायता भी उपलब्ध करा रहे है। इसी के तहत सांसद श्री साहू के प्रयासों से 2 मरीजों को 95 हजार की आर्थिक सहायता प्राप्त हुई है।

# समता सैनिक द्वारा मनाया भिमाकोरेगाव शौर्य दिवस

नव भारत न्यूज

**पांढुरना,1 जनवरी. समता सैनिक द्वारा आज 1 जनवरी को 208 वा भीमकोरेगांव शौर्य दिवस मनाया गया जिसमें सर्वप्रथम डॉ बाबा साहेब अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर वीर 500 महार सैनिक को एवं डॉ बाबा साहेब को मानवंदना दी गयी जिसके बाद बुद्ध वंदना ली गयी।**

जिसके उपरांत बाइक मार्च द्वारा पांढुरना पंचशील बुद्ध विहार अम्बा वार्ड,धम्मदीप बुध्द विहार अम्बेडकर वार्ड,नालंदा बुद्ध विहार महावीर वार्ड भ्रमण कर पांढुरना के ग्रामीण मोरडोंगरी, सिवनी , राजना, हिवरा सेंनडवार, बड़ चिचोली, होते हुए ग्राम बोथिया में समापन किया जिसमें गाँव गाँव जाकर 500 महार वीर सैनिकों की गौवर गाथा बताई एवं लड़ाई के बारे में बताया कि किस तरह मात्र 500 महार सैनिकों 28000 पेशवाई को हरा कर विजय हासिल किया था।यह लड़ाई कोई मामूली नही यह लड़ाई अन्याय के विरुद्ध न्याय का बिगुल था समता स्थापित करने का आगाज था। यह शौर्य गाथा बताई जिसमे मार्शल जयप्रकाश बागड़े सर जिला छिंदवाड़ा संगठन, मार्शल पंजाब गजभिये सर जिला पांढुर्णा संगठक के नेतृत्व में यहाँ




बाइक मार्च निकाला गया जिसमें अलग अलग ग्रामो से मार्शल ने बाइक मार्च में हिस्सा लिया। ग्राम बोथिया में समपन कार्यक्रम में संबोधन करते हुए मार्शल जयप्रकाश बागड़े सर ने परिस्थितियों को देखकर 500 वीर सैनिकों की भांति हमे लड़ना चाहिय, वही पंजाब सर ने वीर सैनिकों की गाथा पर प्रकाश डाला वही भारतीय बौद्ध महासभा के डॉ भगत सर ने प्रबोधन कहते हुए इतिहास को पढ़ने पर जोर दिया। इसमें प्रमुख मार्शल प्रदीप गजभिये, बुद्धराज शेंडे, संजीवनी देशभ्रतार, सुहानी देशभ्रतार, रितेश गौरखेड़े, सुदामा बागड़े, कोमल वानखड़े, प्रशांत फूसे, योगराज ढोके, निखिल निकोसे, नेहा बागड़े, प्रतीक्षा गोलाइत, रितिक्षा गौरखेड़े, सुमित बागड़े ,अंकित देशभ्रतार, धनराज बंसोड़, कमलशील वाघमारे,विनोद पाटिल राहुल वहाने विशाल शेंडे, दिलीप नारनावरे , विभिन्न गांव से मार्शल एवं उपासक उपासिका उपस्थित थे।



## सौसर में भीमा कोरेगांव शौर्य दिवस हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज़

**सौंसर 1 जनवरी.डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर नवयुवक मंडल सौसर,बौध्द नवयुवक युवती परिचय सम्मेलन समिति सौसर,रमाबाई आम्बेडकर महिला मंडल सौसर के संयुक्त तत्वावधान मे सौसर नगर में भीमा कोरेगांव शौर्य दिवस उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया।**

कार्यक्रम का शुभारंभ संविधान निर्माता विश्वरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन बुध्द वदना जय भीम सलामी के साथ हुआ। कार्यक्रम में भारतीय बौद्ध महासभा जिला अध्यक्ष डॉ अशोक भगत मुरलीधर कामले, अंबेडकर नवयुवक मंडल सौसर अध्यक्ष पंकज शेंडे, बौध्द नवयुवक युवति परिचय सम्मेलन समिति अध्यक्ष मुकेश बागडे, जी.एम. दुफारे, उमाशंकर शेंडे, रमेश कॉमले, सिद्धार्थ सोमकुँवर, मिलिद बंसोड़, गुंजन बागड़े, अरविंद बसोड़, बबन सनेसर, सतीश बसोड़,सुजीत दुफारे, विजय नागदवने,कैलास गजभीये, कमलाकर बंसोड़, गुड़िया बागड़े ,पमिता बागड़े, नितल हंनवते, अनिल रंगारे,के अलावा बौद्ध समाज के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्य गण उपस्थित थे।

# नए वर्ष पर किया पौधारोपण

नव भारत न्यूज

**सौंसर 1 जनवरी. नगर के वृक्ष मित्र अरुण ठाकरे द्वारा विशिष्ट तिथीयो के उपलक्ष्य पर सदा ही वृक्षारोपण का कार्य किया जाता है इसी तारतम्य में आज नए वर्ष2026 के उपलक्ष में पांचवी टेकडी पर 1 2लिंग शिव मंदिर के वाटिका परिसर में जासवन ,इमली व बड के पेड़ों का वृक्षारोपण किया गया.**

इस अवसर पर नरेश गोयल, दिनेश पाटिल, द्वारा पर्यावरण के संरक्षण व उसके लाभों के बारे में बताया गया इस अवसर पर नरेश



गोयल, माणिक राव जूनघरे ,शेषराव चरडे, हीरामन विश्वकर्मा, प्रकाश विश्वकर्मा पुजारी दिनेश पाटिल, राजेश शर्मा, सौरभ सक्सेना ,नरेंद्र मानकर, कुबेर कश्यप आदि उपस्थित थे।

## सांसद बंटी विवेक साहू ने दिवांगत जनों को श्रध्दांजलि अर्पित की

**छिंदवाड़ा .**अपने व्यस्त कार्यक्रमों के बीच समय निकालकर आमजनं और अपने कार्यकर्ताओं के साथ पारिवारिक माहौल में चर्चा करना सांसद बंटी विवेक साहू के स्वभाव में शामिल हैं ।जिलेवासियं और अपने प्रत्येक कार्यकर्ता के साथ मित्रवत भाव रखने वाले सांसद बंटी विवेक साहू बुधवार को अपने व्यस्त कार्यक्रमों के बीच लोगों के सुख दुख में भी शामिल हुए। इसी के तहत सांसद श्री साहू ने ग्राम लोनी बर्रा के भाजपा बूथ अध्यक्ष सोनू राजबंशी के पिताजी के निधन के उपरांत उनके निवास पहुँच कर दुख व्यक्त किया, वही आम गाँव पांजरा निवासी मुरारी शुक्ला के पिताजी के निधन के उपरांत उनके निवास पहुँच कर दुख व्यक्त करते हुए शोक संतृप्त परिवार से मिलकर अपनी संवेदनाएं जताई .

### निधन



**पीपलानारायणवार** .पिपला ना. वार वार्ड क्रमांक 1 निवासी देवेन्द्र शांताराम कामडे का कल हार्टअटेक से दु :खद निधन हुआ .वे 47 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार नगर के मोक्षधाम में किया गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए।

### निधन

**पिपलानारायणवार .**पिपला ना. वार निवासी वार्ड क्रमांक 10 रामचन्द्र भालेराव, रामकुष्णा भालेराव एवं ज्ञानेश्वर ( बाल्या ) भालेराव की माताजी श्रीमती कलाबाई खुशाल भालेराव काआज सुबह निधन हुआ ।वे 87 वर्ष की थीं ।उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास से निकलकर नगर के मोक्षधाम में सम्पन्न हुई। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई।

# पांढुरना नगर में प्रत्येक गुरुवार को लग रहा जैविक प्राकृतिक हाट बाजार

नव भारत न्यूज

**पांढुरना,1 जनवरी. आम जनता को स्वस्थ एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने तथा प्राकृतिक/जैविक खेती को प्रोत्साहन देने के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशा के अनुरूप एवं कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के मार्गदर्शन में पांढुरना जिले वासियों के लिए जैविक प्राकृतिक साप्ताहिक हाट बाजार का शुभारंभ किया गया है।** यह बाजार प्रत्येक गुरुवार को नगर पालिका के शुक्रवार बाजार परिसर में सुबह 10 बजे से आयोजित किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज दिनांक 01 जनवरी को शुक्रवार बाजार में सुबह 10 बजे से जैविक प्राकृतिक साप्ताहिक हाट बाजार का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के जैविक एवं प्राकृतिक खेती करने वाले कृषकों द्वारा अपने उत्पाद विक्रय के लिए बाजार में उपलब्ध कराए गए। कृषकों द्वारा लाए गए समस्त उत्पाद दोपहर 3 बजे तक विक्रय हो गए, जिससे बाजार के प्रति आम नागरिकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिली।

आज आयोजित जैविक हाट बाजार में किसानों द्वारा आलू, टमाटर, हरा मटर, मेथी एवं पालक भाजी, हरी धनिया, हरी प्याज, अरहर फली, दूधमोगरा फली, ज्वार एवं मक्का आटा, हल्दी पाउडर, कच्ची हल्दी, हरी मिर्च, अचार, पापड़ आदि जैविक एवं रसायनमुक्त उत्पाद विक्रय हेतु




उपलब्ध कराए गए थे।

कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपने परिवार को रसायनमुक्त सब्जियां, अनाज एवं दालें खिलाएं, ताकि विभिन्न बीमारियों से बचाव हो सके। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि प्रत्येक गुरुवार को लगने वाले जैविक हाट बाजार से रसायनमुक्त उत्पाद खरीदकर स्वस्थ जीवन की ओर कदम बढ़ाएं।

## एक नजर में



### नववर्ष को लेकर पुलिस ,मुस्तैदी पर दबिश देकर की जाँच

**बडचिचोली.**पांढुर्णा जिले की पुलिस अधीक्षक सुंदर सिंह कणेश तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज सोनी एसडीओपी बृजेश भार्गव तथा टीआई अजय मरकाम के आदेश अनुसार नए वर्ष को लेकर ग्राम बड चिचोली के चौकी प्रभारी विक्रम बघेल के द्वारा हाईवे पर चलने वाले ढाँबा तथा होटल की जांच की गई जिसमें होटल को 10 बजे के बँद करने तथा किसी भी तरह की आपराधिक गतिविधिया पाए जाने परसख्त कार्यवाही का कड़ा संदेश होटल संचालकों को दिया गया स्वयं चौकी प्रभारी विक्रम बघेल द्वारा रात में ग्गस्त भी की गई तथा बता दे की नए वर्ष को लेकरपूरी मुस्तैदी से गस्त की गई ।



### नकुलनाथ व कमलनाथ की ओर से अजमेर शरीफ में पेश की चादर,देश, प्रदेश, जिला व नगर के लिए मांगा अमन, चैन

**छिन्दवाड़ा.** मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ की ओर से दरगाह अजमेर शरीफ में चादर पेश की गई। परम्परा अनुसार नेताद्वय की ओर से दरगाह में अकीदत के साथ चादर पेश की गई। कांग्रेस के एक प्रतिनिधि मंडल ने अजमेर शरीफ पहुंचकर चाद पेश की। कमलनाथ एवं नकुलनाथ की ओर से देश, प्रदेश जिले व नगर में अमन चैन, भाईचारे व खुशहाली की दुआ की। विदित हो कि नेताद्वय की ओर से प्रतिवर्ष अजमेर शरीफ में चादर पेश की जाती है। फिरोज खान, जाकिर परवेज, आरिफ ठाकुर व इरफान मंसूरी, शैलू सहारे, महेश अड़लक, अनिल कुड़ापे सहित अन्य ने अजमेर शरीफ पहुंचकर चादर पेश की।

### आज युवक कांग्रेस फूंकेगी नगरीय प्रशासन मंत्री का पुतला

**छिन्दवाड़ा.** देश के सबसे स्वच्छ शहर में दूषित पानी की सप्लाई से 14 निर्दोष लोगों की जान चली गई। इन मौतों के लिए भाजपा की सरकार जिम्मेदार है। नगरीय प्रशासन मंत्री का बयान गैर जिम्मेदाराना व अर्मयादित होने के साथ ही जनता के प्रति असंवेदनशीलता को भी दर्शा रहा है। जिला युवक कांग्रेस आज दिनांक 02 जनवरी 2026 दिन शुक्रवार को मंत्री का पुतला फूंकेगी। जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष गोलू पटेल ने जारी बयान में आगे कहा कि नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के द्वारा इंदौर शहर में दूषित पानी से 14 निर्दोष लोगों की मौत पर सवाल पूछे जाने पर मीडियाकर्मी से अमर्यादित एवं अभद्र भाषा का प्रयोग करने के विरोध में युवक कांग्रेस छिंदवाड़ा के कार्यकर्ताओं द्वारा 02.01.2026 को दोपहर 01 बजे गांधी चौक पर कैलाश विजयवर्गीय का पुतला फूंका जाएगा।

### नव वर्ष पर जिले को जुन्नारदेव रेलवे ओवर ब्रिज की सौगात,जिले का सबसे लंबा आरओबी बनकर तैयार

**छिंदवाड़ा.** एम.पी.आर.डी.सी. द्वारा जिले के तामिया-जुन्नारदेव मार्ग (28.3 कि.मी.) पर स्थित राज्य राजमार्ग क्रमांक-41 में जुन्नारदेव नगरीय क्षेत्र के रेलवे ट्रैक कि.मी. 943/0, लेवल क्रॉसिंग ए-पी-37 पर नव निर्मित रेलवे ओवर ब्रिज का कार्य पूर्ण हो चुका है। यह जिले का सबसे लंबा रेलवे ओवर ब्रिज है। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 554 मीटर लंबे इस ओवरब्रिज में 330 मीटर के 11 स्पैन, दोनों ओर 84 मीटर के बॉक्स तथा 140 मीटर लंबी रिटेनिंग वॉल का निर्माण किया गया है। इसके चालू होने से जुन्नारदेव तहसील की लगभग 30 प्रतिशत आबादी को रेलवे फाटकों पर घंटों इंतजार की समस्या से निजात मिलेगी। साथ ही हर्रई, बिजोरी, तामिया, जुन्नारदेव, नीमढाना, बोरदेही, मुल्ताई, आठनेर, कुकरूखामला स्टेट हाईवे - 41 पर निर्मित होने से यह ब्रिज, छिंदवाड़ा जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल पातालकोट को कुकरुखामला बैतूल से जोड़ेगा।

### उप संचालक ने किया पशु औषधालय देलाखारी एवं नंदनी गौशाला का निरीक्षण

**छिंदवाड़ा.** उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ.एच.जी.एस. पक्षवार द्वारा आज जिले के विकासखण्ड तामिया के पशु औषधालय देलाखारी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया । इस दौरान समस्त स्टाफ उपस्थित पाया गया । निरीक्षण के दौरान पाया गया कि पशु औषधालय देलाखारी प्रभारी द्वारा माह अक्टूबर में 12, माह नवम्बर में 21 एवं माह दिसम्बर में 18, इस प्रकार कुल 51 कृत्रिम गर्भाधान किये गये। 01 ओपीडी चढी पाई गई, केसीसी पशुपालन के 42 फार्म बैंकों में जमा किये गये, उपस्थिति पंजी एवं तरल नत्रजन पंजी पूर्ण पाई गई। प्रभारी को प्रदायित लक्ष्यों की शत प्रतिशत उपलब्धि पूर्ण किये जाने के लिये निर्देश दिये गये। इसके बाद उप संचालक डॉ.पक्षवार द्वारा नंदनी गौशाला खापाखुर्द का भी आकस्मिक निरीक्षण किया गया । गौशाला का संचालन नवयुग स्वसहायता समूह के द्वारा किया जा रहा है जिसकी अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी कुड़ोपा एवं सचिव श्रीमती तुलसाबाई परतेती उपस्थित रही । समूह की सचिव श्रीमती तुलसाबाई परतेती द्वारा बताया गया कि वर्तमान में गौशाला में 125 गौवंश उपलब्ध हैं एवं सभी गौवंश में टेग लगे हैं, 05 गाय दूध दे रही हैं । उप संचालक डॉ.पक्षवार द्वारा स्वसहायता समूह की सदस्यों से गौशाला के संचालन में आ रही कठिनाईयों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई एवं उचित संचालन करने के लिये आवश्यक निर्देश दिये गये। गौशाला में कण्डे बनाये जा रहे हैं एवं 5 एकड़ भूमि में गेहूं तथा आधा एकड़ भूमि में बरसीम लगाई गई है । गौशाला में पर्याप्त मात्रा में भूसा, 39 कट्टे पशु आहार तथा पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध पाया गया। निरीक्षण के दौरान उप संचालक डॉ.पक्षवार के साथ गौशाला सहायक नोडल अधिकारी एस.पी.परतेती एवं ईश्वरसिंह परतेती तथा स्वसहायता समूह की महिला सदस्य उपस्थित थीं।